भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3984
उत्तर देने की तारीख 17 जुलाई, 2019

वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों में मोबाइल कनेक्टिविटी योजना

3984. श्री रमेश चन्द्र माझीः

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या ओडिशा राज्य ने सरकार को वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) से प्रभावित क्षेत्रों में मोबाइल कनेक्टिविटी योजना के चरण-II के अन्तर्गत राज्य में वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों में मोबाइल टावरों की स्थापना हेतु 483 स्थानों की सूची भेज दी है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसकी स्थिति क्या है तथा इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और
(ग) उक्त सम्मत स्थानों पर 368 टावरों की स्थापना की क्या स्थिति है तथा सरकार द्वारा उक्त स्थापना में तेजी लाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

संचार, विधि और न्याय तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री रविशंकर प्रसाद)

(क) जी, हां। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 4072 टावर स्थानों पर मोबाइल सेवाएं प्रदान करने के लिए सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि (यूएसओएफ) से सहायता प्राप्त स्कीम को अनुमोदित किया है, इन टावरों में से 483 टावर ओडिशा के लिए संस्वीकृत किए गए थे। तथापि, ओडिशा सरकार ने केवल 252 टावर के स्थानों का विवरण प्रदान किया है।

(ख) टावर स्थान ब्यौरा इस प्रकार है:-

क्र.सं.	**जिला**	**टावरों की संख्या**	**स्थिति**
1.	बौद्ध	8	एलडब्ल्यूई चरण-II संबंधी निविदा तैयार की जा रही है।
2.	बरगढ़	3	
3.	नुआपाड़ा	36	
4.	नबरंगपुर	35	
5.	मलकानगिरी	76	
6.	कोरापुट	94	
कुल		252	

(ग) इस प्रकार के 368 मोबाइल टावर स्थान अनुकूल नहीं हैं। तथापि, 3465 टावरों (ओडिशा के 252 टावरों सहित गृह मंत्रालय को प्राप्त) के लिए आरएफपी जारी करने की तैयारी की जा रही है।

*****